सरकूलर नं0 अपमा / 2016–2018 / 64

''वैट अधिकारियों के साथ बैठक के सन्दर्भ में''

आप सभी व्यापारी भाईयों को सूचित किया जाता है कि बुद्ववार दिनांक 22–3–2017 को वैट विभाग के वार्ड 17 एवं 18 के वैट ऑफिसर श्री बिजेन्द्र सिंह जी एवं इन्सपैक्टर श्रीमती संगीता नायर जी के साथ अपमा कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अपमा के पूर्व प्रधानों, पदाधिकारीगण एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया।

साथियों, बैठक में वैट ऑफिसर श्री बिजेन्द्र सिंह जी ने कहा कि पिछले दो–तीन महीने से वैट विभाग को राजस्व बहुत कम प्राप्त हो रहा है, राजस्व की पूर्ति हेतु उच्चाधिकारियों का दबाव है कि राजस्व की प्राप्ति हेतु मार्किट में सर्वे करें। इस पर अपमा पदाधिकारियों ने वैट अधिकारियों को बताया कि नोटबंदी के बाद व्यापार में मंदी का माहौल है तथा व्यापार अपने न्यूनतम स्तर पर है पर फिर भी संस्था सरकूलर के माध्यम से व्यापारियों से अनुरोध करेगी कि सभी व्यापारी भाई अपना वैट जल्द से जल्द जमा करवायें तथा मार्च का भी वैट मार्च के महीने मं ही जमा करवायें ताकि विभाग के राजस्व की पूर्ति हो सकें तथा व्यापारी भाई आने वाली परेशानियों से बच सकें। अतः वार्ड 17, 18, 39 एवं 73 के सभी व्यापारी बन्धुओं से पुनः निवेदन है कि विभाग के लक्ष्य को पूर्ण करने में अपना सहयोग करे

सरकूलर नं0 अपमा / 2016–2018 / 65

''रामनवमी एवं बैशाखी के उपलक्ष्य में बाजार में अवकाश''

1. रामनवमी के उपलक्ष्य में बुद्ववार दिनांक 5 अप्रैल 2017 को कश्मीरी गेट व मोरी गेट के बाजार में अवकाश रहेगा।

   नोटः अपमा कलेण्डर, 2017 में रामनवमी का अवकाश मंगलवार दिनांक 4–04–2017 को घोषित था, प्राप्त सूचना के अनुसार अब बुद्ववार दिनांक 5–04–2017 को अवकाश रहेगा।

2. बैशाखी के उपलक्ष्य में बृहस्पतिवार दिनांक 13 अप्रैल 2017 को कश्मीरी गेट व मोरी गेट के बाजार में अवकाश रहेगा।

(विष्णु भार्गव)
महासचिव